प्रेम प्रकाश से जेल में मुलाकात मामले में फंसे छवि रंजन

# इडी पूछताछ में जतायी थी अनभिज्ञता तो जेल में कैसे हुई मुलाकात

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम की छापेमारी ने पूर्व उपायुक्त छवि रंजन एक बार फिर फंस गए हैं। इडी ने जेल से पॉवर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के साथ छवि रंजन की मुलाकात का वीडियो कब्जे में करने के बाद एकबार फिर छवि रंजन को मुश्किलों में डाल दिया है क्योंकि, जब इडी ने छवि रंजन को रिमांड पर लिया था और इडी ने प्रेम प्रकाश के बीच के संबंधों के बाबत पूछा था तो उन्होंने कहा था कि वे किसी भी प्रेम प्रकाश को नहीं जानते हैं। पर, इडी को जो सीसीटीवी फुटेज मिली है, उसमें छवि की गिरफ्तारी के बाद 5 मई को प्रेम प्रकाश ने छवि रंजन से मुलाकात की। इडी ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में सोमवार की रात 11 घंटे तक छापेमारी की थी। जेल की तलाशी लेने और जांच के बाद



सीसीटीवी फुटेज में मनी लांन्ड्रिंग के आरोपी प्रेम प्रकाश ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन से जेल में मुलाकात की थी।

## जेल अधीक्षक और जेलर को करेगी समन

इडी रांची के जेल अधीक्षक हामिद अख्तर और जेलर को समन जारी करेगी। जेल अधीक्षक पर इडी पीएमएलए के तहत अपराध में सहायता करने के लिए मामला दर्ज कर सकती है क्योंकि उसने छवि रंजन और प्रेम प्रकाश की बैठक करायी थी। कारा विभाग भी जेल अधीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा है।

## शाम छह बजे के बाद कैदियों को उनके वार्ड से निकलने की मनाही

जेल मैनुअल के मुताबिक, जेल में शाम छह बजे के बाद सभी कैदियों को वार्ड से निकलने पर पाबंदी है। ऐसे में प्रेम प्रकाश का अपने वार्ड 11 से निकल कर अपर डिवीजन सेल में जाने की इजाजत कैसे मिली। गिनती के बाद किसी कैदी को वार्ड से बाहर निकलने की इजाजत नहीं होती। ऐसे में सवाल यह उठता है कि प्रेम प्रकाश वार्ड 11 से बाहर कैसे निकला। वहीं इसकी चाभी किस कर्मी के पास थी, किसके आदेश से प्रेम प्रकाश को बाहर निकाला गया। इडी ने इस मामले में सोमवार को जेल के कर्मियों से पूछताछ भी की है।

## कोर्ट के आदेश पर पहुंची थी इडी

इडी ने छवि रंजन और प्रेम प्रकाश मुलाकात की सूचना मिलने के बाद पीएमएलए की विशेष अदालत में सीसीटीवी जांच के लिए आवेदन दिया था। कोर्ट के आदेश के बाद सोमवार तीन बजे इडी टीम रांची जेल पहुंची थी।

## प्रेम से संबंधों को नकारते रहे हैं छवि

इडी ने छवि रंजन से प्रेम प्रकाश के साथ संबंधों को लेकर उनसे पूछताछ की थी लेकिन छवि रंजन, प्रेम प्रकाश से संबंधों को इनकार करते रहे हैं। जमीन घोटाले में मास्टरमाइंड माने जाने वाले अमित अग्रवाल और प्रेम प्रकाश से किसी तरह की जान पहचान से छवि रंजन ने इंकार किया था। इधर, जेल में भी पॉवर ब्रोकर के राज चलने की चर्चा सत्ता के गलियारे में हो रही है।

सीएम हेमंत सोरेन का लीज आवंटन मामला

# राज्य सरकार का हाईकोर्ट में जवाब- सुप्रीम कोर्ट से पहले ही मिल चुकी है क्लीनचिट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा खुद एवं अपने रिश्तेदारों को खान लीज आवंटन करने से संबंधित जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। यह याचिका आरटीआई कार्यकर्ता एवं हाईकोर्ट के अधिवक्ता सुनील कुमार महतो की ओर दायर की गई है। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल किया गया। सरकार की ओर से शपथ पत्र में बताया गया है माइनिंग लीज आवंटन मामले में जनहित याचिका में सीएम हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से पहले ही क्लीन चिट दी जा चुकी है। जवाब में सुप्रीम कोर्ट के इससे संबंधित आदेश का कुछ अंश भी डाला गया है। यह भी बताया गया है जियाडा से जो जमीन सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी और उनके साली को आवंटित हुआ है वह सब कानून की प्रक्रिया के तहत हुआ है। सीएम को भी जो खनन लीज दिया गया था उसमें भी सभी प्रक्रियाओं का पालन किया गया था। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उनकी ओर से उठाए गए सवालों का बिंदुवार जवाब राज्य सरकार की ओर से नहीं दिया गया है। यह याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं इस पर भी कोई जवाब नहीं दिया गया है। प्रार्थी की ओर से राज्य सरकार के जवाब पर अपना प्रत्युत्तर देने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गयी। हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई 16 जून निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ऑनलाइन मोड में सुनवाई के लिए कोर्ट से जुड़े।

प्रार्थी की ओर से कोर्ट को पिछली सुनवाई में बताया गया था कि सीएम हेमंत सोरेन ने खान विभाग के मंत्री पद पर रहते हुए संवैधानिक पद का दुरुपयोग किया है और स्वयं के लिए अनगड़ा में माइनिंग लीज आवंटित कर लिया है। उन्होंने अपनी पत्नी कल्पना सोरेन एवं साली सरला मुर्मू के फार्म को भी माइनिंग लीज आवंटित की है। प्रार्थी ने कहा है कि इन सभी बिंदुओं को लेकर संबंधित प्राधिकार के पास सीएम, उनके रिश्तेदारों एवं सहयोगियों की जांच कर कार्रवाई का अनुरोध किया था लेकिन किसी संबंधित प्राधिकार ने कार्रवाई नहीं की। अंततः उन्होंने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है ताकि जांच का आदेश पारित किया जाये।

विश्वविद्यालयों से सिलेबस और परीक्षा संचालन नियमन का मांगा प्रस्ताव

# राज्य में दूसरी बार 15 साल बाद आयोजित होगी जेट की परीक्षा

**डीएसपीएमयू में झारखंड पात्रता परीक्षा के संचालन नियमन से संबंधित प्रस्ताव पर हुई चर्चा**

- जेट परीक्षा 43 विषयों के लिए 300 अंक का, नियम-रेगुलेशन को मिली स्वीकृति
- यूजीसी की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के तर्ज पर तैयार किया गया है सिलेबस, सीबीटी मोड में परीक्षा
- जेट पास को लेक्चरर की अर्हता और पीएचडी में मिलेगा डायरेक्ट दाखिला, राज्य में लेक्चरर के 1500 पद खाली



**जेपीएससी आयोजित करेगी पात्रता परीक्षा :** झारखंड पात्रता परीक्षा के आयोजन की जिम्मेवारी झारखंड सेवा आयोग (जेपीएससी) को दी जाएगी। आवेदन और शुल्क और ऑनलाइन जमा होगा। इस परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थियों को पीजी की परीक्षा में अंक निर्धारित है। अनारक्षित और ईडब्ल्यूएस कोटी के अभ्यर्थियों को पीजी में 55 प्रतिशत अंक होने होना जरुरी है। वहीं बीसी-1, बीसी-2, ईडब्ल्यूएस, थर्ड जेंडर के अभ्यर्थियों को 50 प्रतिशत अंक का होना जरुरी है।

## स्टैच्यूटरी कमेटी को नहीं मिली स्वीकृति

सिंडिकेट की बैठक में नव गठित स्टैच्यूटरी कमेटी को लेकर चर्चा हुई। सिंडिकेट ने कहा कि डीएसपीएमयू यूनिट्रेटरी यूनिवर्सिटी है, जिसका अभी तक विवि अधिनियम नहीं बना है। अभी झारखंड विवि अधिनियम - 2000 से संचालित हो रहा है। इसलिए यूनिट्रेटरी यूनिवर्सिटी को ध्यान में रखते हुए नए सिरे से स्टैच्यूटरी कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में दूसरी बार झारखंड पात्रता परीक्षा (जेट) का आयोजन जल्द होगा। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा इसके लिए प्रक्रिया शुरू करते हुए राज्य के सभी विश्वविद्यालयों को सिलेबस और परीक्षा संचालन नियमन तैयार कर भेजने के लिए कहा है। इधर मंगलवार को डीएसपीएमयू के कुलपति प्रो. तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में सिंडिकेट की बैठक हुई, जिसमें झारखंड पात्रता परीक्षा के संचालन नियमन से संबंधित प्रस्ताव पर चर्चा हुई। अब इसे आगे की कार्यवाही के लिए उच्च शिक्षा विभाग को भेजा जाएगा। झारखंड पात्रता परीक्षा 43 विषयों के लिए 300 अंकों की आयोजित की जाएगी। इसमें सफल अभ्यर्थीअसिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल होने के लिए योग्य होंगे। वहीं पीएचडी कोर्स में एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा नहीं देनी होगी।

यूजीसी की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) की तर्ज पर झारखंड पात्रता परीक्षा का सिलेबस और संचालन नियमन का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। परीक्षा सीबीटी मोड में आयोजित की जाएगी। बता दें कि राज्य में असिस्टेंट प्रोफेसर के लगभग 1500 पद रिक्त हैं। पीआरओ प्रो. राजेश सिंह ने बताया कि सिंडिकेट की बैठक में वीसी के अलावा डीएसडब्लयू डॉ. एसएम अब्बास, रजिस्ट्रार डॉ. नमिता सिंह, डॉ. कुनुल कांदिर, एफओ डॉ. आनंद मिश्रा, डॉ. सर्वोत्तम कुमार, डॉ. रेखा झा समेत अन्य सदस्य थे।

छह दिनों के अंदर जुर्माना राशि जमा करने का निर्देश

# तीन राशन कार्डधारियों को 2 लाख 49 हजार 480 रुपये का जुर्माना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अहर्ता नहीं होने के बावजूद राशन कार्ड बना कर राशन सामग्री उठाव करनेवालों के खिलाफ जिला प्रशासन ने कार्रवाई की है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रांची अल्बर्ट बिलुंग ने ऐसे राशन कार्डधारियों को नोटिस जारी कर जुर्माना भी लगाया है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा तीनों राशन कार्ड धारियों को 6 दिनों के अंदर जुर्माने की राशि जमा करने का निर्देश दिया गया है। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी जाएगी। अहर्त्ता नहीं होने के बावजूद सरकार द्वारा एनएफएसए/ पीएमजीकेएवाई के लिए आवंटित राशन सामग्री का उठाव उक्त राशन कार्डधारियों द्वारा किया जा रहा था, जो झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश-2022 का अध्याय-11 की कंडिका 07 के विरुद्ध है तथा उठाव किए गए खाद्यान्न की राशि वसूलने एवं प्राथमिकी दर्ज करने के प्रावधान के अंतर्गत आता है।

**निम्न राशन कार्डधारियों को जारी हुआ नोटिस**

1. **पंकज कुमार**, पिता- सुरेंद्र साहू ग्राम- ब्राम्बे, पंचायत- ब्राम्बे प्रखंड- मांडर, जिला- रांची। पंकज कुमार द्वारा राशन कार्ड संख्या 202003865577 का उपयोग किया जा रहा था, जो 10 जून 2015 को बनाया गया था और निर्बाध रूप से राशन का उठाव किया जा रहा था।
2. **जयपाल नारायण**, पिता- रामजी राम ग्राम- सुलुमुजरी, पंचायत- सुलुमुजरी प्रखंड- सिल्ली जिला रांची। जयपाल नारायण द्वारा राशन कार्ड संख्या 202005694805 का उपयोग किया जा रहा था, जो 15.09.2015 को बनाया गया था और निर्बाध रूप से राशन सामग्री का उठाव किया जा रहा था।
3. **बिनय कुमार** पिता- रामजी राम, ग्राम- सुलुमुजरी पंचायत- सुलुमुजरी, प्रखंड- सिल्ली, जिला-रांची। जयपाल नारायण द्वारा राशन कार्ड संख्या 202007018226 का उपयोग किया जा रहा था, जो 18.09.2017 को बनाया गया था और निर्बाध रूप से राशन सामग्री का उठाव किया जा रहा था।

## तारा शाहदेव प्रकरण में झामुमो जिलाध्यक्ष की दर्ज हुई गवाही

**रांची।** नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तनए यौन उत्पीड़न व दहेज प्रताड़ना से जुड़े मामले में मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल ने अपने बचाव में सीएम हेमंत सोरेन को गवाह बनाया था। मंगलवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सीएम के अधिकृत व्यक्ति झामुमो के रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम की गवाही दर्ज की गई। गवाही के दौरान उसने कहा कि रकीबुल खान साहब को व्यक्तिगत रूप से नहीं जानताए न हीं रकीबुल से कभी उनकी मुलाकात हुई है। इफ्तार पार्टी का दावतनामा किसने इश्यू किया और किसके माध्यम से यह गयाए इसकी जानकारी उसे नहीं है। दो अगस्त 2013 को तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यालय से रकीबुल खान साहब, कोहलीद्ध के नाम से इफ्तार पार्टी का दावतनामा उसका घर पहुंचा था। जिसे सीबीआई ने उसके घर से बरामद किया था।

# वारंट के बाद फरारी काट रहे आइएएस को हुई जेल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में पदस्थापित एक आइएएस अधिकारी और पलामू के पूर्व बंदोबस्त पदाधिकारी अनिल कुमार को जेल हो गई। मंगलवार को अनिल कुमार ने साहिबगंज कोर्ट में सरेंडर कर दिया। जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया। साहिबगंज कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद वे पिछले साल नवंबर 2022 से ही फरार चल रहे थे। साहिबगंज कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद अनिल कुमार जमानत के लिए लगातार प्रयास कर रहे थे। हाईकोर्ट में जमानत अर्जी लगाई थी। अर्जी खारिज होने के बाद मंगलवार को साहिबगंज कोर्ट में उन्होंने सरेंडर किया।

अनिल कुमार बिहार प्रशासनिक सेवा के 37वें बैच (अब झारखंड प्रशासनिक सेवा) के अधिकारी थे। उन्हें पिछले साल भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति मिली थी।

**शिक्षा विभाग में हुई अवैध नियुक्ति की फाइल गायब करने में आया था नाम :** जानकारी के मुताबिक, पूर्व बंदोबस्त पदाधिकारी अनिल कुमार का नाम शिक्षा विभाग में हुई अवैध नियुक्ति की फाइल गायब करने में आया था। साल 2014 में साहिबगंज जिले के जिरवाबाड़ी ओपी में इससे संबंधित मामला दर्ज हुआ था।

अनिल कुमार साहिबगंज में जिला आपूर्ति पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित थे। उन्हें शिक्षा विभाग में नियुक्ति में घोटाले की जांच का जिम्मा मिला था। हालांकि, यह मामला दब गया। 2014 में तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी भलेरियन तिर्की के समय में फिर से किसी ने इसकी शिकायत की थी।

# विविधता में एकता हमारी शक्ति और प्रगति की आधारशिला : राज्यपाल




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हमारे देश में विविधता में एकता हमारी शक्ति व प्रगति की आधारशिला रही है। राज्यपाल श्री राधाकृष्णन मंगलवार को सिक्किम राज्य के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राजभवन में आयोजित सिक्किम राज्य स्थापना दिवस समारोह के अवसर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण इस खूबसूरत प्रदेश का समृद्ध इतिहास रहा है। यहां की संस्कृति जीवंत है तथा लोक-कला समृद्ध है।

राज्यपाल ने झारखंड में निवास कर रहे सिक्किम के लोगों से कहा कि सिक्किम ने विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने में यह राज्य अग्रणी रहा है। साथ ही इस राज्य ने पर्यटन के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। इस प्रदेश का जैविक कृषि के क्षेत्र में किए गए अद्वितीय प्रयास ने पूरे विश्वपटल पर अमिट पहचान स्थापित की है।

राज्यपाल ने कहा कि उनके विद्यार्थी जीवन में उनके बहुत से सहपाठी सिक्किम के रहनेवाले थे और उनकी भावना से उस समय से ही अवगत हैं कि वे अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता की बात है कि सिक्किम के बहुत से लोग झारखंड राज्य में रह रहे हैं और यहां विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

# हवाला के माध्यम से रिश्तेदारों तक लेवी की राशि मंगवाता था अमन...

**कुबेर सिंह**

**रांची।** एटीएस की गिरफ्त में आया गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव रंगदारी और लेवी से पैसे जुटाते थे। उससे हथियार खरीदकर आतंक कायम करने के लिए गोलीबारी व आगजनी कर व्यवसायियों-ठेकेदारों में खौफ कायम करते थे। अमन श्रीवास्तव खुद कभी भी न तो कोई कांड करता है और न ही लेवी ही वसूलता है। वह अपने गुर्गो-सहयोगियों के माध्यम से दहशत फैलाने के लिए गोलीबारी व आगजनी की घटना को अंजाम दिलाता था। रंगदारी के रूप में मिलने वाली राशि भी वह स्वयं नहीं लेता था। हवाला के माध्यम से अपने रिश्तेदारों तक लेवी की राशि मंगवाता था। पूर्व में टाटा माइंस, एलएंडटी में फायरिंग आदि की घटनाओं में इस गिरोह की संलिप्तता सामने आ चुकी है। एटीएस को अनुसंधान के दौरान इस गिरोह के फंडिंग, आर्थिक स्रोत व हवाला चैनल का भी पता लगाया था।

## 17 जनवरी को एटीएस थाने में दर्ज हुई थी प्राथमिकी

झारखंड पुलिस के एटीएस थाने में इसी वर्ष 17 जनवरी को अमन श्रीवास्तव गिरोह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उक्त प्राथमिकी में गैंग लीडर अमन श्रीवास्तव सहित 15 आरोपित किए गए थे। इन आरोपितों में अमन श्रीवास्तव के भाई अभिक श्रीवास्तव, बहनोई चंद्रप्रकाश राणू, बहन मंजरी श्रीवास्तव, चचेरे भाई प्रिंसराज श्रीवास्तव, सहयोगी विनोद कुमार पांडेय, जहीर अंसारी, फिरोज खान उर्फ साना खान, मजमूद उर्फ नेपाली, असलम, सिद्धार्थ साहू आदि थे।

## जनवरी, 2022 में हो चुकी है गैंग के 12 सदस्यों के खिलाफ चार्जशीट

झारखंड पुलिस की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने कुख्यात अपराधी अमन श्रीवास्तव गैंग के 12 सदस्यों पर जनवरी, 2022 को सिविल कोर्ट रांची में चार्जशीट दाखिल किया था। एटीएस ने जिनपर चार्जशीट दाखिल किया था, उनमें अमन श्रीवास्तव का भाई अभिक श्रीवास्तव व बहनोई चंद्रप्रकाश राणू भी शामिल हैं। फिलहाल, दोनों बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद है।

## एटीएस ने इनपर दाखिल की है चार्जशीट

अभिक श्रीवास्तव (अमन श्रीवास्तव का भाई, कुंबा, हंटरगंज, चतरा), चंद्रप्रकाश राणू (एकमे इनकोर अपार्टमेंट, ब्रुकफील्ड, प्रेस्टिंग आइटी पार्क के समीप, बंगलुरु), विनोद कुमार पांडेय (सिलदाहा, जोरी, चतरा), जहीर अंसारी (मुस्लिम मुहल्ला, महावीर नगर, खलारी), असलम अंसारी (जाहीलटांड़, केरकाडीह चामा, खलारी), फिरोज खान (आजादनगर, खलारी, रांची। फिरोज खान को आंध्रप्रदेश के काकीनाड़ा से गिरफ्तार किया गया था। सिद्धार्थ साहू (अंबिका अपार्टमेंट, तीसरा तल्ला, काली मंदिर रोड, वर्द्धमान कंपाउंड, लालपुर, रांची), सुनील कुमार शर्मा (हेमासार, श्रीडुंगरगढ़, बीकानेर, राजस्थान। हवाला कारोबारी), आनंद पारीख (कालूबास, वार्ड नंबर 14, श्रीडुंगरगढ़, बीकानेर, राजस्थान हवाला कारोबारी), अनिल शर्मा (मुंदड़, नोखा, बीकानेर, राजस्थान, हवाला कारोबारी), अनिल कुमार शर्मा (हेमासर, श्रीडंगरगढ़, बीकानेर, राजस्थान हवाला कारोबारी) व संदीप प्रसाद (बारा, कुर्था, अरवल बिहार वर्तमान में चटकपुर, रातू, रांची) शामिल है।

खबर | एक नजर में

## दोषी अफसरों को सरकार बर्खास्त करे : राजेन्द्र

**जेल में छवि रंजन और प्रेम प्रकाश की मुलाकात का मामला**



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड में भ्रष्टाचारियों, दलालों और भ्रष्ट राजनेताओं की इतनी गहरी पैठ है कि इसे तोड़ पाना मुश्किल होते जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेल मैन्युअल के नियम को तोड़कर, बेखौफ ड्यूटी में तैनात अधिकारी भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारी जो जेल में बंद है, उनसे जेल में मिलवा रहे हैं। श्री प्रसाद ने झारखण्ड सरकार से दोषी अधिकारियों को बर्खास्त करने की मांग की है।

## पीएलएफआई का सदस्य गिरफ्तार

**रांची/खूंटी।** रनिया पुलिस ने पीएलएफआई सदस्य हेरमन बारला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने एक देसी कट्टा, जिंदा कारतूस के अलावा संगठन का पर्चा और मोबाइल बरामद किया है। गौरतलब है कि पीएलएफआई का कुख्यात श्रवण दास के निचितपुर गांव में होने की सूचना पुलिस को मिल रही थी। डीएसपी ओम प्रकाश तिवारी ने कहा कि हेरमन बारला 2017 में मुरहू में एक शख्स का मर्डर किया था जबकि 2020 में पिस्टल, कारतूस एवं नक्सली दस्तावेज के साथ गिरफ्तार हुआ था। 2022 में जेल से छूटा और पीएलएफआई के संपर्क में आया और संगठन के विस्तार में लगा हुआ था।

## व्यवसायी से मारपीट, पैसे छीने

**रांची।** पंडरा बाजार परिसर में मंगलवार शाम मनमाना रुपया मांगने का विरोध करने पर तीन-चार मोटिया मजदूरों ने चंदन कुमार केसरी को मारपीट कर जख्मी कर दिया। वह चतरा जिले के सिमरिया थाना के डाडी गांव का रहनेवाला है। आरोप है कि मोटिया मजदूरों ने चंदन कुमार केसरी से 14,500 रु छीन भी लिया। धक्का मुक्की भी की। पंडरा पुलिस छानबीन कर रही है।

## करमा उरांव के परिजनों से मिले रामेश्वर उरॉव



**रांची।** राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव मंगलवार को डॉ करमा उरांव के मोरहाबादी स्थित आवास पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिजनों से मुलाकात कर संवेदना प्रकट करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया। इस मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा डॉ करमा उरांव बुद्धिजीवी, महान चिंतक एवं विचारक थे। राज्य के प्रगति में उनके सुझाव महत्वपूर्ण थे। डॉ करमा उरांव के निधन से राज्य को अपूरणीय क्षति हुई है।

## अनधिकृत निर्माण करने वालों को नोटिस

**रांची।** रांची नगर निगम ने अनधिकृत निर्माण करने वाले पांच लोगों को नोटिस जारी किया है। इनमें केस संख्या-59/2021 सकलदेव सिंह, केस संख्या 60/2021 मधुसुदन दास, केस संख्या 61/2021 विद्यानंद सिंह, केस संख्या 80/2021, केस संख्या 90/2021 सुमन देवी शामिल हैं। ये सभी कांके रोड के रहने वाले हैं। नोटिस में बताया गया कि आदेश के विरुद्ध दायर अपील को न्यायाधिकरण ने सुनवाई के बाद खारिज कर दिया था। इसके बाद फिर से नगर आयुक्त द्वारा पारित आदेश लागू करने का निर्देश दिया गया है। 30 दिनों के अंदर आदेश को पूरा करने को कहा गया है। आदेश नहीं मानने पर नगर की ओर से कार्रवाई की जाएगी।

## संघ प्रमुख रांची से लोहरदगा गये



**रांची।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघ चालक मोहन भागवत चार दिवसीय दौरे पर मंगलवार को रांची पहुंचे। लगभग चार घंटा रांची में बिताने के बाद श्री भागवत लोहरदगा के लिए रवाना हो गये। श्री भागवत करीब 12 बजे तपस्विनी एक्सप्रेस से भुवनेश्वर से चलकर हटिया स्टेशन पहुंचे थे। वह सिंहमोड़ स्थित अपने एक परिचित के यहां करीब तीन घंटे तक रहे। यहां से तीन दिवसीय प्रवास पर लोहरदगा रवाना हो गये। लोहरदगा से वे 19 मई रांची लौटेंगे और उसी दिन रांची के शुक्ला कॉलोनी स्थित अपने एक परिचित के यहां जायेंगे। इसके बाद सेवा विमान से मुम्बई के लिए रवाना हो जायेंगे।

## रांची झील बचाने के लिए आंदोलन शुरू

**रांची।** रांची झील बचाओ अभियान समिति की ओर से प्रदूषित पानी के साथ मंगलवार को बड़ा तालाब गेट के पास प्रदर्शन किया गया। इसका नेतृत्व राजीव रंजन मिश्रा ने किया। श्री मिश्रा ने बताया कि रांची झील में सेवा सदन के समीप गंदे नाले के पानी का प्रवेश होने के कारण प्रदूषण फैल रहा है। इससे महामारी की आशंका बढ़ गयी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं नगर निगम प्रशासन झील की साफ सफाई के लिये उचित कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि झील को बचाने के लिए चरणबद्ध आंदोलन चलाया जायेगा। कार्यक्रम में अशोक पुरोहित, रमेश केडिया, लंकेश सिंह, राहुल सिन्हा चंकी, गोपाल पारीक, दीपू गाड़ी, उपेंद्र रजक, मो जावेद, इंदर सिंह, रंजीत चौरसिया, मनीष श्रीमाली, मो परवेज, कैलाश केसरी, मनोज शर्मा, अभिनव, राज कुमार पोद्दार, राज किशोर वर्मा आदि उपस्थित थे।

## झालसा में दस्तावेज संग 6 जून को पेश हों डीसी और नारी निकेतन के प्रतिनिधि : हाईकोर्ट

**रांची।** कांके के नारी निकेतन स्नेह आश्रय के बकाया भुगतान से संबंधित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हाईकोर्ट में हुई। न्यायमूर्ति राजेश कुमार की कोर्ट ने मामले में वादी एवं रांची डीसी के प्रतिनिधि को झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा) में 6 जून को संबंधित दस्तावेज के साथ पेश होने का निर्देश दिया है ताकि बकाया का भुगतान हो सके। कोर्ट को बताया गया राज्य सरकार द्वारा यौन शोषण की घटनाओं के पीड़िता, हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बेसहारा महिलाओं के लिए कांके में नारी निकेतन स्नेह आश्रय वर्ष 2015 में खोला गया था। इस आश्रय गृह को वर्ष 2019 के बाद से राज्य सरकार की ओर से फंड नहीं मिल रहा था। इसको लेकर उनकी ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में नारी निकेतन को वर्ष 2021 में बकाया राशि में से कुछ राशि 15 लाख 90 हजार रुपए का भुगतान किया गया था। इसके बाद कभी कोई पैसा नारी निकेतन को राज्य सरकार ने नहीं दिया गया। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि वह महिलाओं के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वधार गृह खोलेगी, प्रार्थी की ओर से कोर्ट से बकाया राशि का भुगतान कराने का आग्रह किया गया था।

# डॉ उरांव का जाना रांची विश्वविद्यालय ही नहीं झारखंड के लिए भी बहुत बड़ी क्षति : वीसी

### डॉ करमा उरांव की याद में रांची विवि में शोक सभा का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में स्व. करमा उरांव की याद में शोक सभा आयोजित की गयी और दो मिनट का मौन रखा गया। इस शोक सभा में रांची विश्वविद्यालय के सभी विभागों के प्रमुख, संकायाध्यक्ष, प्राध्यापक, वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल हुए। सभी ने डॉ करमा उरांव को याद किया और बिताए पल को साझा कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शोक सभा के बाद रांची विश्वविद्यालय में कार्य बंद कर दिए गए। इसके अलावा मानव शास्त्र विभाग और कॉमर्स विभाग में शोक सभा का आयोजन किया गया। बताते चलें कि 14 मई 2023 को रांची विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित शिक्षाविद् रहे प्रो डॉ करमा उरांव का निधन हो गया था।

**डॉ उरांव में बेहतरीन नेतृत्व क्षमता थी :** रांची विवि के कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि उनका जाना रांची विश्वविद्यालय ही नहीं, झारखंड के लिये भी बहुत बड़ी क्षति है। खराब स्वास्थ्य के बाद भी वह काम के प्रति समर्पित रहते थे। उनमें बेहतरीन नेतृत्व क्षमता थी। उन्होंने 25 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में विदेशों में जाकर झारखंड और देश का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने झारखंड को नयी पहचान दिलायी। एक ऐसे संवेदनशील शिक्षाविद् और आत्मीय व्यक्ति के जाने से हम सभी बहुत आहत हैं। हम सभी प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर उनके परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति दे।

**डॉ उरांव अंतरराष्ट्रीय स्तर के शिक्षाविद्, चिंतक, विचारक थे :** रांची विवि के कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता ने डॉ करमा उरांव की जीवनी और रांची विश ?वविद्यालय में उनके योगदान की यात्रा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 1978 में राम लखन सिंह यादव कॉलेज से रांची विश्वविद्यालय में अध्यापन शुरू करने से लेकर 2017 में अपने सेवानिवृति तक उन्होंने रांची विश्वविद्यालय और झारखंड के लिये जो कार्य किया, वह अप्रतिम है। वह रांची विश्वविद्यालय में उपाचार्य, विश्वविद्यालय प्राचार्य, मानवशास्त्र विभागाध्यक्ष, समाज विज्ञान विभाग के संकायाध्यक्ष, एकीकृ त बिहार में बिहार लोकसेवा आयोग, पटना के सदस्य जैसे पदों पर रहे। कुलसचिव ने कहा कि प्रो डॉ करमा उरांव अंतरराष्ट्रीय स्तर के शिक्षाविद्, चिंतक, विचारक और नेतृत ?वकर्ता थे। उनका इस तरह से चला जाना हमारे लिये बहुत ही दुखद है।

### टीआरएल संकाय में डॉ करमा उरांव को दी गयी श्रद्धांजलि

### बगैर भेदभाव के झारखंडी समाज का किया नेतृत्व : हरि उरांव

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में समन्वयक डॉ हरि उरांव की अध्यक्षता में मंगलवार को शोकसभा कर डॉ करमा उरांव को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर डॉ हरि उराँव ने डॉ करमा उरांव के जीवन संघर्ष के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ करमा ने बगैर कोई भेदभाव के झारखंडी समाज का हमेशा नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि बिशनपुर जैसे सुदूर गांव के सरकारी स्कूल से पढ़कर रांची विश्वविद्यालय में अध्यापन को आये थे। इसके कारण से वह जमीन से जुड़े व्यक्ति थे। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया। टीआरएल संकाय के अन्य शिक्षकों ने भी अपनी अपनी बातें रखीं। डॉ करमा उरांव के साथ बिताये पलों को साझा किया। इसमें मुख्य रूप से डॉ उमेश नन्द तिवारी, डॉ मेरी एस सोरेंग, कुमारी शशि, डॉ महेश्वर सारंगी, मनय मुंडा, डॉ किशोर सुरिन, डॉ बीरेन्द्र कुमार महतो, डॉ रीझू नायक, तारकेश्वर सिंह मुंडा, वीरेंद्र उरांव शामिल थे।

**डॉ उरांव के मार्गदर्शन में पीएचडी की और उनके साथ काम भी किया :** पूर्व विधानसभाध्यक्ष प्रो डॉ दिनेश उरांव ने कहा कि मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मैंने उनके ही मार्गदर्शन में पीएचडी की और उनके साथ काम करने का अवसर मिला। उनके अंदर संयम और धीरज इतना था कि वह किसी भी विकट परिस्थिति से आसानी से पार पा जाते थे। उनका मार्गदर्शन हम सभी के लिये सदैव काम आता रहेगा। वहीं डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू ने कहा कि प्रो डॉ करमा उरांव के साथ बहुत दिनों तक काम किया। उनसे सीखा हुआ आज भी हम सभी के काम आता है। वह काम के प्रति इतने समर्पित थे कि कहते थे कि मैं काम करते हुए ही इस दुनिया से जाना चाहूंगा।

## बीआईटी मेसरा में होटल मैनेजमेंट में दाखिले की प्रक्रिया शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बीआईटी मेसरा से बैचलर इन होटल मैनेजमेंट के लिए आवेदन करने की आखिरी तिथि 20 जून निर्धारित की गयी है। इच्छुक उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन करने के लिए वेबसाइट देख सकते हैं। उम्मीदवारों को एक विषय के रूप में अंग्रेजी के साथ 50% (एससी / एसटी के लिए 45%) अंकों के साथ कक्षा इंटरमीडिएट या समकक्ष योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। चयन उम्मीदवारों द्वारा कक्षा 12/इंटरमीडिएट/समकक्ष योग्यता परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर होगा। हालांकि, उम्मीदवारों को आयु मानदंड और अन्य न्यूनतम शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करना होगा।

उम्मीदवारों के लिए विशेष काउंसलिंग सत्र 5, 12 और 19 जून 2023 को बीआईटी लालपुर केंद्र में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उम्मीदवार बीआईटी लालपुर केंद्र पर विशेष काउंसलिंग सत्र मे जाकर होटल मैनेजमेंट मे कॅरियर के अवसरों, ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया आदि के बारे में अपनी शंकाओं पर होटल प्रबंधन, बीआईटी मेसरा के प्रोफेसर के साथ चर्चा कर सकते हैं।

### दस दिवसीय नि:शुल्क खो-खो प्रशिक्षण शिविर शुरू

**रांची।** जिला खो-खो संघ के तत्वावधान में दस दिवसीय रांची जिला निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर मंगलवार को प्रारंभ हो गया। यह आयोजन 16 से 30 मई तक होगी। इसका उद्घाटन मंगलवार को झारखंड राज्य खो-खो एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष अजय झा ने नारियल फोड़कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस शिविर में किसी भी कोटि के विधालय-महाविद्यालय-क्लब आयु वर्ग के बालक-बालिका भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण शिविर प्रतिदिन सुबह 5.30 बजे से सुबह 8 बजे तक चलेगा। इस प्रशिक्षण में सभी खेल के वरीय प्रशिक्षक एवं मुख्य प्रशिक्षक के द्वारा नये-नये कौशल सिखाया जायेगा।

## छात्रों ने यूनिवर्सिटी में जड़ा ताला

### नाराज छात्रों को चकमा देकर मेन गेट से निकल गये वीसी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** रांची यूनिवर्सिटी के कार्यकलापों से नाराज छात्रों ने मंगलवार को विवि के मेन गेट में ताला जड़ दिया। आरयू से पासआउट छात्र सुबह 10 बजे अपनी मांगों को लेकर यूनिवर्सिटी पहुंचे थे। लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन से उनकी बात नहीं हो पायी। ऐसे में नाराज होकर छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन और स्टेट लाइब्रेरी के अपोजिट वाले गेट को बंद कर दिया। गेट पर ताला जड़ने से विश्वविद्यालय के कर्मचारी व अन्य अंदर फंसे रहे। ऐसे में आरयू के वीसी डॉ अजीत कुमार सिन्हा मेन गेट से बाहर निकल गये।

**क्या है मामला :** मालूम हो कि सत्र 2017-20 और 2018-21 के छात्रों को एक जेनेरिक पेपर दिया गया था, जबकि नियमानुसार, छात्रों को ऑनर्स पेपर के साथ दो जेनेरिक पेपर का अध्ययन करना था। इतने सालों बाद यूनिवर्सिटी को अपनी गलती समझ आयी। इसके बाद यूनिवर्सिटी ने एक और जेनेरिक पेपर की परीक्षा लेने का फैसला किया है। इसे लेकर छात्रों में नाराजगी है। छात्रों का कहना है कि तीन-चार साल बाद फिर से स्नातक की परीक्षा देना संभव नहीं है। छात्रों की मांग है कि पूर्व के अंकों के आधार पर उन्हें ग्रेस मार्क्स देकर समय पर रिजल्ट प्रकाशित किया जाये।

### संत पॉल्स कॉलेज इंटर के तीनों संकाय में एडमिशन के लिए मिल रहा फार्म

**रांची।** संत पॉल्स कॉलेज बहुबाजार में नए शैक्षणिक सत्र (2023-2025) में इंटरमीडिएट के तीनों संकाय (आईए, आईकॉम व आईएससी) में नामांकन के लिए फॉर्म मिलना प्रारंभ हो गया है। इस संबंध में तीनों संकाय के हेड के साथ बैठक हुई जिसमें सीधे नामांकन प्रक्रिया के अतंर्गत जैक बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए 75% से अधिक, जबकि अन्य बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए 80 प्रतिशत से अधिक कट ऑफ मार्क्स रखा गया है।

### अग्रवाल सभा महिला समिति का तीन दिवसीय समर कैंप संपन्न

**रांची।** अग्रवाल सभा महिला समिति द्वारा अग्रसेन भवन में आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का समापन मंगलवार को हुआ। इस तीन दिवसीय समर कैंप में समर कैंप में 110 बच्चों ने सुबह 8 बजे से शाम के 5 बजे तक प्रार्थना संस्कार, जूडो कराटे, योग, चित्रकला, हस्तकला, नृत्य, शतरंज, संगीत की कला का प्रशिक्षण लिया। तीन दिनों में इन सभी चीजों के प्रति उनकी रुचि जागृत हुई। अच्छे आचरण और अनुशासन की शिक्षा भी उन्होंने खेल खेल में प्राप्त किया। सभी प्रशिक्षकों सुनील किस्पोट्टा, नंद दुलाल दत्ता, साबिर हुसैन, सुबोध कुमार, दीपक कुमार, अजय गोस्वामी, मनीष कमल, जिज्ञासा पाजेब के दीपक सिन्हा को अग्रवाल सभा की ओर से सम्मानित किया गया। वहीं सभी बच्चों को सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित किया गया। समापन समारोह में सभा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र केडिया, अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, मंत्री मनोज चौधरी , संजय सर्राफ, एवं कई अभिभावक गण उपस्थित थे।

### बालाजी मंदिर में हुआ विशेष अनुष्ठान

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में मंगलवार को अपरा एकादशी पर विशेष अनुष्ठान किया गया। इस पुण्य अवसर पर चराचर प्रकृति के अधिश्वर भगवान श्रीनिवास का दिव्य मंगलध्वनियों से पूजाक्रम शुरू हुआ। फिर सुप्रभातम, मंगलाशासन तथा वेंकटेश स्तोत्रम के बाद सब प्रकार के अनुग्रह-निग्रह करनेवाले भगवान का नित्याराधन हुआ। तदंतर सर्वमंगलमय नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर से महाआरती की गई।

### बीआइटी मेसरा के लालपुर सेंटर में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बीआईटी मेसरा के लालपुर सेंटर की ओर से मंगलवार को आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका विषय था- वर्तमान परिदृश्य में शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया की गुणवत्ता को समृद्ध करना। मुख्य वक्ता के रूप में वेल्यू एजुकेशन के अध्यक्ष और इस कार्यशाला के निदेशक डॉ संजय कुमार थे। उन्होंने शुरूआत में ही अपनी ओजस्वी बातों से शिक्षक और छात्रों ने महमरिक के बाद के परिदृश्य में शिक्षण अधिगम प्रक्रिया की गुणवत्ता और अधिगम पर प्रकाश डाला। लालपुर सेंटर की निदेशक डॉ वंदना भट्टाचार्य ने इस कार्यशाला में शिक्षक और छात्रों से कहा कि महामारी काल में आई दूरी के लिए इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन दोनों के बीच के संबंधों को बेहतर बनाने में सेतु का कार्य करेगा।

विजेताओं को डॉ संजय कुमार और निदेशक डॉ वंदना भट्टाचार्य ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में डॉ प्रणव कुमार, डॉ अमृता प्रियम, डॉ श्रावणी मुखोपाध्याय, डॉ संजय कुमार, डॉ अभय रंजन श्रीवास्तव, डॉ सोमनाथ मुखर्जी, डॉ सिबा मोइत्रा, डॉ सोमित्रो, डॉ उमेश प्रसाद, डॉ संदीप, मनोज कुमार, स्वाति मिंज, अभिषेक तिग्गा, डॉ महुआ और डॉ पार्थो सहित काफी संख्या में छात्र और शिक्षकों ने भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन इस कार्यशाला के संयोजक डॉ प्रदीप मुंडा ने किया यह जानकारी डॉ मृणाल पाठक और राणा प्रताप मिश्र ने दी।

## निर्मला कॉन्वेंट में मैजिक शो के साथ समर कैंप संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में आयोजित समर कैंप के अंतिम दिन मैजिक शो तथा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मैजिक शो में जादूगर विजय कुमार वर्मा जब रूमाल से कबूतर निकाल कर बच्चों को दिखाता तो बच्चे खुशी से तालियां बजाते। जादूगर विजय कुमार ने जब टोपी में रखे हुए सारे पैसे गायब कर दिए तो सभी छात्र-छात्राओं ने दांतों तले उंगलियां दबा ली, बच्चों के साथ अभिभावकों ने भी कार्यक्रम का आनंद उठाया। इस मौके पर कक्षा प्री नर्सरी कक्षा सप्तम के छात्र छात्राओं ने विभिन्न विभिन्न प्रकार की वेशभूषा में फैंसी ड्रेस कंपटीशन में भाग लिया और अपनी अद्भुत प्रतिभा से सबका मन मोह लिया। विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष ने प्राचार्य को आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। स्कूल के प्रिंसिपल विजय कुमार शर्मा ने कहा कि समर कैंप वह माध्यम है जिसमें खेल-खेल में शिक्षा दी जाती है। इसके साथ ही समर कैंप में बच्चों को खुलने अवसर ही नहीं दिया जाता बल्कि अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया जाता है। उप प्रधानाध्यापिका शिल्पी रानी ने बताया कि समर कैंप बच्चों को श्रेष्ठ इंसान व निडर बनाने में सीढ़ी का काम करता है। डांस कंपटीशन में विजयी छात्र- छात्राओं को विद्यालय के सचिव ने पुरस्कृत भी किया। विजय छात्र छात्राओं के नाम क्रमशः निकी कुमारी, सृष्टि कुमारी, नैंसी कुमारी,स्वीटी कुमारी, ईशा, हनी कुमारी, रौनक कुमार, जीवा चार्ली, शिवानी कुमारी, आनसी गुप्ता है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका गोपाल चन्द्र दास, मीनू सिंह, मोनीबाला शर्मा, शिवानी कुमारी, निशा सुधा राणा आदि थे।

## बहावलपुरी प्रीमियर क्रिकेट लीग सीजन-6 : तीसरे दिन गोल्डन बुल्स ने प्राप्त किया बोनस अंक

### गोल्डन बुल्स के यश गखड़ बने मैन ऑफ दि मैच

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** बहावलपुरी प्रीमियर क्रिकेट लीग सीजन-6 के तीसरे दिन मंगलवार को पहला मुकाबला बिग शॉट्स और गोल्डन बुल्स के बीच खेला गया। बिग शॉट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह ओवरों में 20 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। धीरज किंगर ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए मात्र एक रन खर्च कर तीन विकेट हासिल किए। गोल्डन बुल्स ने 2.3 ओवर में ही लक्ष्य को हासिल कर एक बोनस अंक प्राप्त किया। गोल्डन बुल्स के यश गखड़ को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच पंजाबी पैंथर्स और खालसा किंग्स के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाबी पैंथर्स की टीम 27 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। खालसा किंग्स ने पांच गेंद शेष रहते मुकाबला एक विकेट से जीत लिया। नाबाद दस रनों की पारी और एक रन देकर चार विकेट हासिल करने पर गौरव अरोड़ा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरे मैच में जेएमडी लायंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 47 रन बनाए और लक्ष्य का पीछा करने उतरी है रांची सनराइजर्स की टीम ने बेहद रोचक मुकाबले में अंतिम गेंद तक संघर्ष किया परंतु 44 रन ही बना सकी और 2 रनों से मैच गंवा दिया। जेएमडी लायंस के मिलन गिरधर मैन ऑफ द बने। अंतिम मैच हैकर बॉयज और गोल्डन ईगल के बीच खेला गया.हैकर बॉयज की टीम 37 रन बनाकर ऑल आउट हो गई.गोल्डन ईगल की टीम ने 5.4 ओवरों में 1 विकेट के नुकसान पर हासिल कर छह विकेट से शानदार जीत दर्ज की। गोल्डन ईगल के आयुष कठपाल को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। संस्था के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि वुडक्राफ्ट्स टूर्नामेंट का मुख्य प्रायोजक हैं। टूर्नामेंट के सभी मैच फ्लड लाइट्स में खेले जा रहे हैं, नरेश पपनेजा टूर्नामेंट में मुख्य कमेंटेटर और अश्विनी सुखीजा एवं विकास घई सहयोगी कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे हैं, निखिल गिरधर एवं मयूर मुंजाल द्वारा टूर्नामेंट के सभी मैचों का क्रिकहीरोज ऐप से ऑनलाइन प्रसारण किया जा रहा है। स्कोरर की भूमिका कौशिक अरोड़ा संभाल रहे हैं। दर्शकों के लिए अलग से फूड गैलरी बनाई गई है। रोजाना मैच के दौरान उपस्थित दर्शकों की संख्या लगभग पांच सौ है।

## खबर एक नजर में

### झारखंड बाईबल प्रतियोगिता का आयोजन

रांची। अल्फा ओमेगा मिनिस्ट्री के तत्वावधान में पिछले दिवस बहु बाजार ओल्ड एचबी रोड स्थित बाईबल सोसायटी में झारखंड बाईबल प्रतियोगिता-2023 का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 16 वर्ष से 70 वर्ष तक की आयु के लोगों के लिए आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में झारखंड की राजधानी रांची के अलावा 10 अन्य जिलों के लोगों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का संचालन पास्टर विक्रांत ने किया। इस मौके पर सिस्टर खुशी ने कहा कि पवित्र ग्रंथ पढ़ें तो प्रभु के वचनों पर गौर करें और उनकी गहराई को समझें। उन्होंने यह भी कहा कि इस संसार में प्रत्येक मनुष्य का जीवन महत्वपूर्ण है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन का मूल्य समझना चाहिए और कोशिश करनी चाहिए कि अपनी मध्यस्थता में प्रभु के वचनों को पूरा करें। इस प्रतियोगिता के दो सदस्यीय निर्णायक मंडली में पास्टर क्रिस्टोफर तिर्की, सिस्टर रेखा रोबा तिर्की शामिल थीं।

### जल संकट : हिंदपीड़ी में चार स्थानों में करायी गयी बोरिंग

**रांची।** राजधानी रांची के घनी आबादी वाले क्षेत्र हिंदपीड़ी के विभिन्न मुहल्लों में पानी का संकट बरकरार है। जल संकट को देखते हुए वार्ड 23 की पूर्व पार्षद डॉ साजदा खातून अपने स्तर से पूरे क्षेत्र का दौरा कर लोगों की समस्याओं की जानकारी ले रही हैं और यथासंभव उनका निदान करने की दिशा में प्रयास कर रही हैं। पूर्व वार्ड पार्षद डॉ साजदा खातून ने बताया कि उनका कार्यकाल समाप्त होने बाद भी वे लोगों की सेवा के लिए तत्पर हैं। गर्मी में जल संकट को देखते हुए उन्होंने वार्ड 23 के चार अलग-अलग स्थानों में बोरिंग कराया। जिन जगहों में बोरिंग कराया गया है उसमें ग्वाला टोली गुरु होटल के पास, जीटी रोड मदीना मस्जिद के पास, लाह फैक्ट्री रोड इमाम बाड़ा के पास तथा तेतर कोचा नीयर कडरू पुल टोली शामिल है। उन्होंने बताया कि नाला रोड गली ए-5 में तथा बड़ी मस्जिद रोड वर मुहल्ला इन दो स्थानों पर और दो बोरिंग कराना है। डॉ साजदा खातून ने बताया कि जनता ने उन्हें पार्षद बनाया और तब से उन्होंने वार्ड 23 के नागरिकों की सेवा में खुद को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि कार्यकाल की समाप्ति के बाद भी वे अपने घर के कार्यालय में लोगों की सेवा के लिए प्रतिदिन उपलब्ध रहती हूं और उनकी समस्याओं के निदान की दिशा में प्रयास करती हूं।

### मारवाड़ी सम्मेलन का प्रतिभा सम्मान 27 मई को

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान में 27 मई को महाराजा अग्रसेन भवन रांची में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री ललित कुमार पोद्दार एवं कार्यक्रम संयोजक विनोद कुमार जैन ने बताया कि सम्मान समारोह में रांची जिला के अंतर्गत सीबीएसई एवं आईसीएसई 2023 की 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में जिन मारवाड़ी समाज के छात्र-छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किया है उन्हें पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रोफेशनल डिग्री सीए, सीएफए, इंजीनियरिंग, डॉक्टर एमबीए पाने वाले छात्र-छात्राओं को भी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा।

### कार में मिला युवक का शव

**रांची।** पुंदाग ओपी क्षेत्र के जवाहर नगर के रोड संख्या पांच में एक कार से युवक का शव बरामद हुआ है। युवक की पहचान अशोक नगर, रोड नंबर 2 निवासी जय कर्मकार के रूप में हुई है। कार में शव को देखने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, दम घुटने से युवक की मौत होने की आशंका है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह का पता लग सकेगा।

स्थानीय लोगों ने बताया कि सफेद रंग की कार रात से जवाहरनगर रोड नंबर पांच के पास खड़ी थी। रात में कई बार कार स्टार्ट करने की कोशिश भी की गयी थी। लेकिन कार स्टार्ट नहीं हुई। सुबह में भी कार उसी जगह पर खड़ी थी। लोगों को आशंका हुई तो उन्होंने कार के भीतर झांक कर देखा तो पाया कि कार के अंदर एक युवक ड्राइविंग सीट पर औंधे मुंह गिरा पड़ा था।

### होपवेल हॉस्पिटल में पैंक्रियास कैंसर का सफल ऑपरेशन

**रांची।** राजधानी के कर्बला चौक स्थित होपवेल हॉस्पिटल में पैनाक्रियाज कैंसर से पीड़ित दो मरीजों का सफल आपरेशन किया गया। होपवेल हॉस्पिटल के व्यवस्थापक और सर्जन डॉ. शाहबाज आलम ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। बताया कि खूंटी निवासी 60 वर्षीया रिजवाना खातून और चान्हो निवासी लगभग 55 वर्षीय महिला नजमा खातून के पेनक्रियाज में बने ट्यूमर की सफल सर्जरी की गई। उन्होंने बताया कि लीवर ट्रांसप्लांट के बाद पेट का यह सबसे जटिल ऑपरेशन है। इसे व्हिपल सर्जरी कहा जाता है। बताया कि खूंटी की मरीज रिजवाना खातून पेट दर्द की शिकायत लेकर आयी। वह अपच, उल्टी और भूख न लगना आदि की समस्या से पीड़ित थीं। डॉ. शाहबाज आलम ने एंडोस्कोपी, सीटी स्कैन सहित अन्य आवश्यक जांच के बाद कंफर्म किया कि मरीज को पैनक्रियाज में ट्यूमर है, कैंसर का भी संदेह है। उन्होंने सर्जरी को ही इसका एकमात्र इलाज बताया। दूसरी मरीज चान्हो की नजमा खातून के पैनक्रियाज की नली ब्लॉक हो गई थी। सभी आवश्यक जांच के बाद विशेषज्ञ व प्रशिक्षित जीआई सर्जन की मदद से डॉ. शाहबाज आलम ने उनका ऑपरेशन कर किया और इस में सफल रहे।

### रेंसी सुनील किस्पोट्टा ब्लैक बेल्ट छठे डान से सम्मानित

रांची। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तकनीकी निदेशक रेंसी सुनील किस्पोट्टा ब्लैक बेल्ट छठे डान से नवाजे गए हैं। इन्हें शिहान की उपाधि भी प्राप्त हुई। यह सामान इन्हें पिछले दिनों खेल गांव के टाना भगत इंडोर स्टेडियम में संपन्न ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप के समापन समारोह के दौरान विशिष्ट अतिथि कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के महासचिव शिहान संजीव जांगड़ा के द्वारा प्राप्त हुआ। कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन ने इन्हें अपने छठे डान की उपाधि से नवाजा। मुख्य अतिथि पूर्व उपमहापौर अजय नाथ शहदेव ने सुनील किस्पोट्टा को बधाई दी। कहा कि इन्होंने सिर्फ राज्य का ही नहीं बल्कि देश का मान बढ़ाया है। महासचिव शिहान संजीव जांगड़ा ने कहा कि सुनील किस्पोट्टा के मार्गदर्शन में जिस प्रकार से यहां के कराटे खिलाड़ी प्रदर्शन कर रहे हैं वह दिन दूर नहीं जब ये राज्य का ही नहीं बल्कि देश का भी परचम भी लहराएंगे। सुनील किस्पोप्ता के सम्मानित किए जाने पर पद्मश्री मुकुंद नायक, इमा अध्यक्ष अनिल किस्पोप्ता, सचिव मोहनी रितिका टोप्पो, राकेश तिर्की, कुंदन उरांव, श्वेता हेंब्रोम, उमा शंकर महतो, देवंती कुमारी आदि ने बधाई दी है।

### यूजीसी ने नई शिक्षा नीति के अनुरूप डिजाइन किया वेबसाइट

**रांची।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने मंगलवार को नये सिरे से डिजाइन अपनी वेबसाइट शुरू की। यूजीसी के अध्यक्ष प्रो एम जगदीश कुमार ने कहा कि यूजीसी की वेबसाइट को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की जरूरत के अनुरूप नये सिरे से डिजाइन किया गया है। इसमें छात्रों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों सहित अन्य खंडों के तहत सभी प्रकार की जानकारियां आसानी से देखी जा सकेंगी। इसमें डिजिटल माध्यम से उच्च शिक्षा से जुड़ी जानकारियां और योजनाओं को छात्र और अभिभावक आसानी से समझ सकेंगे। नयी वेबसाइट को विश्वविद्यालयों, कालेजों, प्रोफेसर और छात्रों की सुविधा के हिसाब से तैयार किया गया है, ताकि वे सभी अपनी जरूरत के आधार पर जानकारियां प्राप्त कर सकें। इसमें विभिन्न कोर्स, डिजिटल लर्निंग आउटकम और परिणाम से संबंधित जानकारियां भी मिलेंगी। इसके अलावा गुणवत्ता युक्त उच्च शिक्षा, विश्वविद्यालय और कॉलेजों में बदलाव, कौशल विकास, इंटर्नशिप, स्टार्टअप, स्कॉलरशिप, विनियमन, दिशा-निर्देश, प्लेसमेंट, विदेशी विश्वविद्यालय आदि की अलग-अलग जानकारियां मिल सकेंगी। उन्होंने बताया कि नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू हुए इस वर्ष जुलाई में तीन वर्ष हो जायेंगे और इसीलिए आयोग की वेबसाइट को नये सिरे से डिजाइन किया गया है, ताकि इसे अधिक सूचनात्मक और विविधतापूर्ण बनाया जा सके।

### हटिया ग्रिड की मरम्मत के कारण राजधानी में हो रही बिजली कटौती

**रांची।** तपती गर्मी में राजधानीवासियों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। जिला के अधिकांश इलाके में बिजली कटौती जारी है। जिससे लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है। झारखंड बिजली वितरण निगम की मानें तो सोमवार को हटिया ग्रिड में सीटी ब्लास्ट हुआ था। जिसकी मरम्मत मंगलवार को भी जारी रही। ऐसे में एक बड़े इलाके में एक-एक घंटे के अंतराल पर बिजली मिल रही है। निगम की मानें तो मरम्मत कार्य तेजी से चल रहा है। ग्रिड में खराबी के कारण जिले को फुल लोड बिजली नहीं मिल रही थी। निगम ने बताया कि रात्रि 8-9 बजे के बाद जिले की बिजली व्यवस्था सामान्य हो जायेगी। ऐसे में बिजली कटौती नहीं की जायेगी। बता दें सोमवार को जमशेदपुर में आयी तेज आंधी का असर रांची में देखा गया। जहां हटिया ग्रिड का सीटी ब्लास्ट हो गया। जिससे बिजली संचरण प्रभावित हुआ। हालांकि निगम की मानें तो जिले में बिजली फुल लोड मिल रही। ग्रिड बनते ही व्यवस्था सामान्य होगी।

### दिव्यांग बच्चों के लिए लगा समर कैंप

**रांची।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को कोशिश स्पेशल स्कूल एवं व्यवसाय प्रशिक्षण केंद्र में दिव्यांग बच्चों के लिए तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया है। समर कैंप 16 से 18 मई तक चलेगा। इसका उद्घाटन बिहार के पूर्व निशक्तता आयुक्त डॉ. शिवाजी कुमार ने किया। कैंप में बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को अलग-अलग एक्टिविटीज करवाया जाएगा। पहले दिन दिव्यांग बच्चों ने फ्लावर पॉट डेकोरेशन किये। ब्लॉक प्रिंटिंग, थंब प्रिंटिंग, कोलार्ज वर्क, सैंड कोलार्ज आदि बनाया। कार्यक्रम में दीपतेश, प्रिया, तन्मय, राज, तुषार, सनवी, मंजूष, अंशु, कृति, अतुलया, बादल, सुबोजीत, साकेत, आरव आदि बच्चों के साथ कोशिश स्कूल संचालिका दीपा चौधरी और कोषाध्यक्ष सुषमा शरन, शमिता बोस, अंजू व शिक्षक मौजूद थे।

### स्कूल आफ मास कम्युनिकेशन, आरयू में शोक सभा

रांची। स्कूल आफ मास कम्युनिकेशन, रांची विश्वविद्यालय में वरिष्ठ प्राध्यापक, चिंतक, विचारक स्व. करमा उरांव को याद कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान निदेशक प्रो (डॉ) बीपी सिन्हा के नेतृत्व में सभी शिक्षकों, कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखा। इसके बाद विभाग में सारे कार्य बंद कर दिये गये।

## स्पीड न्यूज

### सोनाहातूः कुआं से महिला का शव बरामद

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के पाछुवाडीह गांव के कुंए से मंगलवार दोपहर बाद पुलिस ने एक 45 वर्षीय महिला का शव बरामद किया है। शव की पहचान गांव के ही बासुकी देवी उर्फ झुन्नी देवी के रूप में की गई है। सोनाहातू पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार महिला ने आत्महत्या की है। पुलिस हर बिंदु से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### राहे में अखंड हरिकीर्तन कल से

**राहे।** प्रखंड का प्रसिद्ध अखंड नवरात्र हरीनाम संकीर्तन 18 मई गुरुवार सुबह से दुर्गा मंदिर परिसर में अस्थायी हरि मंदिर में प्रांरभ होगी। हरीनाम संकीर्तन के अवसर पर नो दिन मेला लगेगा। मेले में इलेक्ट्रॉनिक टावर झूलाए मौत का कुआं एमिकी माउसए ब्रेक डांसए बच्चों के लिए छोटे-छोटे झूले लगाए गए हैं। विधि व्यवस्था के लिये स्थानीय पुलिस के साथ नवयुवक संघ तैयार रहेंगे। सभी के सहयोग से मेला को संपन्न किया जाएगा।

### सुकुरहुटू नदी में डूबने से छात्रा की मौत

**चान्हो।** सुकुरहुटू नदी में मंगलवार दोपहर ग्यारह वर्षीय छात्रा की डूबने से मौत हो गई। प्राप्त सुकुरहुटू के रहने वाली ग्यारह वर्षीया सोनाली कुमारी उक्त नदी में मछली पकड़ रही थी। उसी दौरान नदी में पटवन के लिए जेसीबी से खुदे हुए गड्ढे में फंस गई जो काफी गड्ढा था। उसके साथ मछली मार रही उसकी बुआ रिंकू देवी उसे बचाने का पूरा प्रयास किया। रिंकू देवी के अनुसार सोनाली को डूबता देख उसे बचाने के लिए खुद भी गड्ढे में घुस गई और अपने आपको भी असहज महसूस करने लगी तभी उसने रिंकू का हाथ छोड़ दूसरे का मदद लेने के लिए बाहर निकली और हल्ला करने लगी। रिंकू द्वारा शोर मचाने पर आसपास से कुछ लोग वहां पहुंचे और बच्ची को गड्ढे से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जैसे ही सोनाली की बुआ ने उसका हाथ छोड़ा वह नीचे डूब गई। सोनाली सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पांचवी क्लास की छात्रा थी।

### चायबागान में कल से शुरू होगी काली पूजा

**नामकुम।** मिश्रा काली पूजा समिति चायबगान के तत्वावधान में इस वर्स भी काली पूजा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक पंडित परमानन्द मिश्रा ने बताया कि गुरूवार सुबह कलषयात्रा से पूजा की षुरूआत हो जाएगी। भव्य कलषयात्रा में लगभग पांच सौ महिलाएं स्वर्णारेखा नदी से कलष में जल भरकर पूजा स्थल तक आएगी। गुरूवार रात में काली पूजा बलिदान होगा तथा षुक्रवार सुबह 56 भोग बलिदान तथा संध्या सात बजे महाआरती और प्रसाद वितरण होगा। षनिवार को पूजा हवन,बटुक एंव कुमारी पूजन भंडारा एंव प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा। वहीं रविवार को पूजा आरती खिचडीभोग एंव संध्या में मूर्ति विर्सजन कराया जाएगा। काली पूजा को लेकर भक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। अभी से ही पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है।

# गोविंद नगर में जमीन कारोबारी की हत्या

## मांडर के रहने वाले थे राजकुमार शाही पुलिस कर रही जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** थाना क्षेत्र के गोविंदनगर में रहने वाले जमीन कारोबारी 42 वर्षीय राजकुमार शाही उर्फ अनिरुद्ध की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी। उनका शव मंगलवार की शाम तीन बजे घर के अंदर बिछावन पर मिला। वह मांडर नारो के थे। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। फिंगर प्रिंट दस्ते की मदद ली गयी। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया गया। डीएसपी प्रवीण सिंह और थानेदार सपन कुमार महथा ने मृतक की पत्नी सोनी देवी से घटना की जानकारी ली। उन्होंने श्री शाही की हत्या सोमवार की रात और इसमें पत्नी का हाथ होने की आशंका जतायी है। सोनी और उसका 11 साल के पुत्र अंबिकेश कुमार शाही उर्फ मोनू को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का दावा है कि गुत्थी जल्द ही सुलझा ली जायेगी।

### जानें क्या है मामला



सोनी ने बताया कि वह सुबह सात बजे अपने पति की इजाजत से रांची गयी थी। तीन बजे घर लौटी। दरवाजा खोली तो वह बिछावन के नीचे मच्छरदानी से लिपटेए अर्द्ध नग्न और खून से लथपत अवस्था में पड़े थे। उनके चेहरे और गर्दन में गहरे जख्म थे। 15 साल पहले राजकुमार से उसका लव मैरेज हुआ था। मायका कोटांबी में है। यहां जमीन खरीद मकान बना कर दस साल से रह रहे हैं। उसने मंझिल जेठ त्रिशुल शाही पर पति की हत्या का आरोप लगा रही है।

### गांव में मातम

मृतक पांच भाइयों में रंझिल और स्व सागर शाही के पुत्र थे। छोटे भाई का मरियाटांड़ स्थित हुये सड़क हादसे में मौत हो गयी थी। उनके परिवार में मां संबवती देवी समेत भाई चक्रधारी शाही, त्रिशुल शाही व कृष्णा शाही हैं। मंझिल त्रिशुल शाही गोविंद नगर में ही घर बना परिवार के साथ रहते हैं। वह पेशे से ठेकेदार हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में सन्नाटा है।

# ग्रामीणों ने की रांची-पुरुलिया सड़क जाम

## रेलवे ने बंद कर दिया है गांव जाने-आने का रास्ता

### ग्रामीणों ने दी रेल रोको आंदोलन की धमकी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नामकुम।** रेलवे द्वारा मुंडागढ़ा आने-जाने वाले रास्ते को बंद करने पर आक्रोशित लोगों ने रांची-पुरूलिया रोड जाम कर दिया। मंगलवार शाम लगभग पांच बजे बड़ी संख्या में आक्रोशित लोग ईएसआई अस्पताल के समीप शनि मंदिर पहुंचे और रांची-पुरूलिया रोड को जाम कर दिया। जिससे दोनों ओर सैकड़ों की संख्या में वाहनों की कतारें लग गयी। उग्र जामकर्ताओं का कहना था कि उनलोगों द्वारा शुरूआत से ही इस्तेमाल की जा रही सड़क को रेलवे द्वारा पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। जिससे उनके समक्ष बड़ी समस्या खड़ी हो गयी है। बच्चों को स्कूल ले जान ले आने, मरीजों को अस्पताल पहुंचाने एवं अन्य आवश्यक कार्य के लिए उनलोगों को काफी लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। बारिश के मौसम में स्वर्णरेखा नदी उफान पर रहती है, राधाकृष्ण मंदिर के समीप छोटे पुल के ऊपर से पानी बहता है। लोग पुल भी पार नहीं कर सकते हैं। ऐसे में उनके समक्ष विकट समस्या उत्पन्न हो गयी है, जिसके कारण उन्हें सड़क पर उतरकर विभाग एवं सरकार से समस्या का सामाधान की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में वे लोग रेलवे विभाग के पदाधिकारी, सांसद एवं अन्य जनप्रतिनिधि को अपनी समस्या से अवगत भी करा चुके हैं। वे लोग वहां अंडरपास पाथ बनाने की भी मांग कर रहे थे। वहीं जामकर्ताओं एवं जाम में फंसे लोगों के बीच कई बार नोकझोंक भी हुई। नामकुम पुलिस और रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा बुझाकर जाम हटवाया।

> सूत्रों के अनुसार वंदे मातरम ट्रेन चलाने को लेकर रेलवे सुरक्षात्मक उपाय कर रहा है। रेल ट्रैक के आसपास आबादी वाली जगह पर घेराबंदी की जा रही है, जिससे ट्रेन को सुचारू रूप से चलाया जा सके।

# लक्की ड्रॉ के नाम पर 1.10 लाख की ठगी

## मोबाइल पर फोन कर किया ठगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चान्हो।** लक्की ड्रॉ के नाम पर एक लाख दस हजार 500 रुपये का मोबाइल द्वारा ठगी का मामला सामने आया है। मामला थाना क्षेत्र के हुंटार निवासी सहामत अंसारी का है। जिन्होंने मंगलवार को थाने पर ठगी के मामले को लेकर आवेदन दिया गया है। आवेदन में सहामत अंसारी के अनुसार 8 मई को उसके मोबाइल पर एक फोन आया और लकी ड्रॉ में उसके नंबर के आने की बात बोल उससे 181 रुपये का रिचार्ज करवाया गया। साथ ही फोन करने वाले ने जानकारी दी कि अगले दिन उसके बड़े साहब उससे बात करेंगे और उनके मोबाइल नंबर के लकी ड्रॉ में आने पर मिलने वाले पुरस्कारों की जानकारी देंगे। अगले दिन तय समय पर एक दूसरे नंबर से फोन आया और उस व्यक्ति ने पैशन प्रो बाइक और एक एलईडी टीवी जीते जाने की बात कही। इसके लिए पच्चीस हजार कैश और 9500 रुपया इंश्योरेंस के नाम पर मांग की गई। सहामत ने लोभ में आ कर दिए गए नंबर पर पैसे भेज दिए। इसके अगले दिन उनसे फिर अन्य चार्ज के नाम पर 25000 रुपये मांगे गए, जिसे सहामत ने फिर जमा कर दिया। इसके बाद उस व्यक्ति ने कहा कि अगले दिन आपके खाते में पैसा ट्रांसफर कर दिया जाएगा। उस व्यक्ति ने दूसरे दिन फोन पर सहामत से कहा कि जीएसटी के कारण समस्या हो रही है आपको कुछ और पैसा देना होगा। इस तरह सहामत ने उसके झांसे में आकर कुल एक लाख दस हजार पांच सौ रुपए ट्रांसफर कर दिए। पैसे लेने के बाद उस व्यक्ति का मोबाइल अब बंद आ रहा है। सहामत ने पुलिस से अपने डूबे हुए पैसे वापस मंगाने की गुहार लगाई है।

# अनगड़ाः चाकू मारकर दिन दहाड़े युवक से लूट ली बाइक व मोबाइल

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के रांची-पुरुलिया सड़क पर चमघटी के निकट मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे तीन बाइक सवार आपराधियों ने अनगड़ा से सिल्ली की ओर जा रहे बाइक सवार साजन पोद्दार को छुरा मारकर उसकी प्लसर बाइक जेएच 01 एफ 3621 और मोबाईल लूट कर फरार हो गए। बताया गया कि लूट का विरोध करने के चलते ही उसे चाकू से लुटेरों ने कई प्रहार किए जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। तत्काल उसे उपचार के लिए सीएचसी अनगड़ा मे भर्ती कराया गया। घटना के संबंध मे बताया गया कि भुक्तभोगी साजन सिल्ली स्थित बजाज ऑटो मार्टस शो रूम में काम करता है और वह खेलगांव थाना क्षेत्र के लालगंज बस्ती से अपने रिस्तेदार के घर से सुबह बाईक से सिल्ली जा रहा था। इसी बीच अनगड़ा थाना क्षेत्र के चमघटी के पास अपराधकर्मियो ने दिन दहाड़े उसके साथ लूट की घटना को अंजाम दिया । बताया गया कि बाइक उसके एक दोस्त का था। अनगड़ा पुलिस लूटेरों का सुराग लगाने मे जुट गयी है। लूट की घटना को अंजाम देने के बाद लुटेरे जंगल के रास्ते बीसा की ओर भाग गए।

## एक नजर में

### काटमकुली में भोक्ताओं ने बरसाये आस्था के फूल



**ठाकुरगांव।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के काटमकुली गांव में शिव उपासना का पर्व मंडा पूजा मंगलवार को झूलन सह मेला के साथ संपन्न हो गया। इससे पूर्व सोमवार की रात्रि भोक्ताओं ने लोटन सेवा, धुआंसी अनुष्ठान संपन्न किया। इसके बाद पुरोहित शिवदास गोस्वामी के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 305 भोक्ताओं ने दहकते अंगारे पर चलकर फुलखुंदी अनुष्ठान संपन्न किया। रात्रि में पश्चिम बंगाल से आये छऊ मंडलियों ने अपने प्रदर्शन से पूरी रात्रि दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंगलवार को भक्तियों को झूलन कराया गया। इस दौरान मेलार्थियों के बीच पवित्र पुष्प पाने की होड़ देखी गई। मंडा पूजा को सफल बनाने में समिति के रामसुंदर महतो, राजेश महतो, विजयनाथ महतो, मुन्ना लोहरा, बसंत साहू आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### बेड़ोः राजमिस्त्रियों को मिला प्रशिक्षण



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में राजमिस्त्री प्रशिक्षण प्राप्त किए हुए कुल 89 प्रशिक्षणाथीयी को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार के द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया। जिसमें भास्कर फाउंडेशन के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किए हुए 73 प्रशिक्षणार्थियों एवं ओपीजेसीसी के द्वारा 16 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्राप्त प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

# डीएवी नीरजा सहाय के समर कैंप में बच्चों ने की मस्ती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पिठोरिया।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में की कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए पाँच दिवसीय समर कैंप का आगाज हुआ जिसके अंतर्गत छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न क्रियात्मक क्रियाकलापों को यथा विभिन्न खेलों, वादन, गायन, जीवन कौशल इत्यादि रखा गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती किरन यादव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों को आयोजित करने से छात्रों के अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानने और उन्हें निखारने का अवसर मिलता है।

## राखाल भोग के साथ संकीर्तन संपन्न



**सोनाहातू।** राधारानी मंदिर सोनाहातू में तीन दिवसीय हरिनाम संकीर्तन का समापन सोमवार को जागरण रात्रि के साथ ही मंगलवार की सुबह राखाल भोग एवं नगर क्रीतन के साथ भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। संकीर्तन में झारखंड एवं पश्चिम बंगाल के कीर्तन मंडली के द्वारा हरि नाम कीर्तन किया गया। कीर्तन मंडली में प्रथम महतो जोजोहातू पश्चिम बंगाल, अजित दास रोला कोटशीला, पुस्कर दास दुलमी झारखंड, पंचानन पातर पिलित ईचागढ़, रेंगटू दास पिलित ईचागढ़, दुखू दास सोनाहातू शामिल थे। इसमें समिति के अध्यक्ष रामनारायण भगत, श्यामल दास, नरेश भगत, बसंत दास, अरविंद जायसवाल, आनंद दास ने योगदान दिया।

# बेड़ोः लैंपस अध्यक्षों संग बीडीओ ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड के विभिन्न लैम्पस अध्यक्षों को सक्रिय करने के उद्देश्य से मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड के कुल 17 लैम्पस में हरिहरपुर जामटोली, खुखराए डोरंडा व ईंटा के पास ही अपना गोदाम है और बाकी शेष के पास नहीं है। 17 लैम्पस के अंतर्गत कूल 3280 किसान सदस्य है जो निबंधित किसानों के बीच में लैम्पस खाद एवं बीज का वितरण सब्सिडाइज्ड दरों पर करती है। विकास पदाधिकारी के द्वारा आग्रह किया गया कि लैम्पस और अधिक सदस्यों को जोड़ें और सक्रिय रूप से काम करें। इसके लिए हर महीने में उनके साथ एक बैठक किया जाएगा ताकि और वह सक्रिय रूप से कार्य करें।

### लैंपस अध्यक्षों ने रखीं मांगें



वही मौके पर लैम्पस अध्यक्षों ने अपनी निम्नलिखित मांगे रखी कि किसान द्वारा धान क्रय किए जाने के बाद अब तक उठाव नहीं होने से उनको काफी परेशानी हो गयी हैए एक तो किसानों का उन पर दबाव है वही दूसरी ओर धान के वजन में कमी होने का उन्हें चिंता सता रहा है। लैम्पस अध्यक्षों के द्वारा वर्किंग कैपिटल बढ़ाने और जिन अध्यक्षों को वर्किंग कैपिटल नहीं मिला है उन्हें भी आच्छादित करने का आग्रह किया गया। बेड़ों में कुल 5 पंचायतों लैम्पस गोदाम बने हुए और अन्य पंचायतों में भी गोदाम की मांग अध्यक्षों द्वारा किया गया। प्रखंड मुख्यालय बेड़ो में अभी तक लैम्पस का अपना गोदाम नहीं बना हैए उसके लिए भूमि प्रतिवेदन अंचल कार्यालय हेतु दिया हुआ दिया गया है।

# डॉ राधा रमन साहू और अली अल अराफात बने सदस्य

### झारखंड अद्यविद परिषद

**बुंडू।** बुंडू स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार की ओर से पीपीके कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष और इंटर इकाई के प्रभारी डॉ राधा रमन साहू और अमानत अली इंटर कॉलेज के प्राचार्य अली अल अराफात को झारखंड अधिविध परिषद के सदस्य मनोनीत किया गया। इस संदर्भ में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के उप सचिव कुमुद सहाय ने अधिसूचना राज्यपाल के आदेश पर पत्र में जारी की है।डॉ राधा रमन साहू का प्रख्यात एवं अनुभवी शिक्षाविद के रूप में और अली अल अराफात का चयन प्रिंसिपल प्लस टू विद्यालय के रूप में चयनित किया गया है। डॉक्टर राधारमण साहू शिक्षा क्षेत्र में लंबा अनुभव के साथ आंदोलनकारी भी रहे हैं और अली अल अराफात सिंबोसिस पब्लिक स्कूल बुंडू के प्रबंध निदेशक हैं और एक शिक्षाविद भी है।

# सोनाहातू : उलीडीह में कांग्रेस कमेटी की बैठक में विचार-विमर्श

**सोनाहातू।** कांग्रेस कमेटी सोनाहातू प्रखंड कमेटी के तत्वावधान में प्रखंड अध्यक्ष अवगुण महतो की अध्यक्षता उलिडीह गांव में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो उपस्थित हुए एवं स्थानीय जनसमस्याओं से अवगत हुए। उपस्थित ग्रामीणों ने बारी-बारी से अपनी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं के समाधान के लिए जिला अध्यक्ष से फरियाद की, जिसपर उन्होंने सकारात्मक आश्वासन दिया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में आज भी हर गांव में जनसमस्याओं की भरमार है। गांव की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। देश फिर से कांग्रेस पार्टी की नीतियों और राहुल गांधी के ईमानदार नेतृत्व को स्वीकार करने के लिए तैयार है। बैठक में कई लोगों ने पार्टी त्याग कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।


## 106वाँ स्थापना दिवसः 17 मई, 2023

भारत सरकार
**केन्द्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान**
कांके, रांची,–834006, झारखण्ड, भारत
दूरभाष: 0651–2450822, 2451115, 2450448, फैक्स: 0651–2450823, 2450408

24 घंटे आकस्मिक सेवा उपलब्ध

सी.आई.पी. में उपलब्ध सेवाओं/सुविधाओं का विवरण
निदेशक, सी.आई.पी. द्वारा जनहित में जारी

**बाह्यरोगी सुविधाएं/सेवाएं**
- प्रतिदिन निःशुल्क बाह्यरोगी सेवाएं
- निरीक्षण/आकस्मिक सेवा वार्ड
- अलग व्यस्क एवं बाल बाह्य रोग विभाग
- साइकोसोशल विभाग
- कैन्टीन एवं जनोपयोगी सेवाएं
- ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन (ओ.आर.एस.)
- टेली परामर्श व्हाट्सएप नं: 9334915067. कृपया व्हाट्सएप पर डॉक्टर के पर्चे की फोटो भेजें (कृपया वेबसाइट पर अधिक विवरण देखें)
  हेल्पलाइन नं.: 9334915046, 9334915047, 9334915048, 9334915049, 9334915050, 9334915051, 9334915052, 9334915053, 9334915054, 9334915056, 9334915058, 9334915060, 9334915062, 9334915063
  दूरभाष संख्या: 0651 2451115, 0651 2451116, 0651-2451119
- विडियो परामर्श: अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट देखें।
- टेली–मानस सेवा- निःशुल्क 24x7 मानसिक स्वास्थ्य परामर्श/काउंसेलिंग। टोल फ्री नम्बर: 14416 या 1800-89-14416
- साइको सोशल परामर्श सेवा- मरीजों एवं उनकी देखरेख करने वालों के लिए।

**विशेष क्लीनिक**
- सोमवार : मूड एवं न्यूरोलॉजी
- मंगलवार : निद्रा रोग
- बुधवार : क्रोनिक सिजोफ्रेनिया, रोकथा, चर्मरोग, धूम्रपान निरोधक, नशाविमुक्ति, मेटाबोलिक रोग
- गुरूवार : मिर्गी एवं मूवमेंट डिसऑर्डर
- शुक्रवार : वृद्धावस्था संबंधित रोग
- शनिवार : सिरदर्द–रोग, धूम्रपान निरोधक, नशाविमुक्ति, मेटाबोलिक रोग
- प्रतिदिन : बाल मनोचिकित्सा, ओ.सी.डी. एवं व्यक्तित्व विकार

**अंतर्वासीय रोगियों के लिए सुविधाएं**
- सामी बेड शुल्क के साथ
- अलग वर्ग के लिए विशेष वार्ड
- महिलाओं के लिए अलग वार्ड
- परिवार के लिए कॉटेज की सुविधा

**बाल एवं किशोरावस्था संबंधित मानसिक रोग**
- मरीज परिजनों के साथ भर्ती किए जाते हैं।

**नशाविमुक्ति केन्द्र व विभाग**
- डीटॉक्सीफिकेशन एवं पुर्नवास
- शराब व नशाविमुक्ति के लिए उच्चतकनीकी इकाई

**व्यावसायिक चिकित्सा विभाग**
- पुर्नवास/शेल्टर्ड कार्यशाला
- पुनर्निवेशन मनश्चिकित्सा
- शारीरिक पुर्नवास
- टोकन इकोनोमी

**सामुदायिक पहुँच कार्यक्रम**
- नेस्ट चौकारी (चान्हो)
- हजारीबाग
- धनवंतरी, बोकारो
- दीपशिखा, आईसी.डी. एस. एम.एस.
- विद्यालय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

**सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम**
- राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक अखबारों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी विवरण
- कार्यशालाओं का आयोजन
- सी.आई.पी. वेबसाइट पर मानसिक बिमारियों संबंधित लेख

**स्नातकोत्तर शिक्षण**
- एम.डी. (मनोचिकित्सा) एवं डी.पी.एम
- पी.एच.डी. एवं एम.फिल. (नैदानिक मनोविज्ञान)
- एम.फिल. (साईक्याट्रिक सोशल वर्क)
- साईक्याट्रिक नर्सिंग में डिप्लोमा

**पैथोलॉजी एवं बायोकेमिस्ट्री विभाग**
- हीमेटोलॉजी व बायोकेमिस्ट्री ऑटो एनालाइजर
- एच.पी.एल.सी. एवं थिन लेयर क्रोमेटोग्राफी
- मल्टीफन्क्शनल एलिजा रीडर एवं आइन स्पेसिफिक ऐसे सिस्टम
- वेनटेक यूनिक
- केमी ल्यूमिनेसेंस ऐसे
- –80 डिग्री फ्रीजर

**कार्डियोफिजियोलॉजी विभाग**
- कम्प्यूटीकृत ई.सी.जी.
- ट्रेडमिल टेस्ट

**सेन्टर फॉर कॉग्निटिव न्यूरोसाइंसेस**
- नैदानिक एवं विडियो ई.ई.जी. (32–64 चैनल) एवं ई.सी.जी.
- कम्प्यूटीकृत उच्च घनीय ई.ई.जी (64–, 128–, 192–, 256– चैनल)
- कॉग्नेटिव इवेंट रिलेटेड/इवोक्ड पोटेंशियल (40–, 128– चैनल)
- देश की सबसे विकसित ट्रांसक्रेनियल मैग्नेटिक और कार्टेक्स करंट स्टिमुलेशन लैब
- निद्रा प्रयोगशाला
- टी.एम.एस. – ई.ई.जी. सुविधा
- क्वाड्री पल्स स्टीमुलेशन

**सेन्टर फॉर न्यूरोइमेजिंग एवं रेडियोलॉजिकल साइंसेज**
- नैदानिक एक्सरे एवं अल्ट्रासाउंड
- क्रेनियल एवं कलर डॉप्लर
- मल्टीस्लाइस सी.टी. स्कैन (पूरे शरीर का)
- 3टी–एफ.एम.आर.आई.
- एम.आर.आई.-ब्रेन (रु. 2000/– लगभग) एवं एम.आर.आई. होल बॉडी स्क्रीनिंग (रु. 3000/– लगभग)

**उच्च तकनीकी कम्प्यूटर विभाग**
- सम्पूर्ण संस्थान का कम्प्यूटरीकरण एवं वाई–फाई की सुविधा
- वेबसाइट
- 100 Mbps एन.के.एन. 10 Mbps बी.एस.एन.एल. एवं रेलटेल लीज लाइन
- कलर फोटोकापीयर एवं प्रिंटर, स्लाइड मेकर, डिजीटल फोटोग्राफी
- उच्च तकनीकी, कुशल प्रोसेसर, 64 बिट, 24 GHz ऑप्ट्रान सर्वर

**पुस्तकालय**
- मेडिकल लाइब्रेरी एवं मरीजों के लिए वाचनालय एवं पुस्तकालय
- रेप्रोग्राफी एवं माइक्रोफिल्मिंग
- ऑनलाईन लिट्रेचर सर्च/RFID आधारित तकनीक
- स्वचालित पुस्तक सर्कुलेशन सिस्टम
- एस.ए.एन. स्टोरेज सिस्टम (10 TB)

**स्वचालित रसोई एवं मिनरल वाटर सप्लाई**
- स्वचालित गैस एवं वाष्पचालित चूल्हा
- स्वचालित आटा गूंथने एवं रोटी बनाने की मशीन
- पल्वराइजर
- 40 Kg इनसिनरेटर (जैविक कचरा प्रबंधन हेतु)

बाहर के मरीजों के लिए भी सरकारी दर पर जाँच की सुविधा उपलब्ध है।

क्या आप किसी मनोवैज्ञानिक समस्या से ग्रस्त हैं ?
यदि हाँ, तो मदद के लिए कृपया सी.आई.पी. हेल्पलाइन पर संपर्क करें।
TOLL-FREE NO. 1800-345-1849 (24X7), सी.आई.पी. हेल्पलाइन नं. : 0651-2451116 (24X7)
ई–मेल : director@cipranchi.nic.in, वेबसाईट : www.cipranchi.nic.in


# आरा-केरम की मेठ सीमा देवी को मिला सम्मान

## राष्ट्रीय फलक पर आया आरा-केरम गांव का नाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के आरा-केरम की मेठ सीमा देवी को सोमवार को दिल्ली कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन की 15वीं स्थापना दिवस कार्यक्रम में सीमा देवी को प्रसस्ती पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। सीमा देवी को यह सम्मान पक्षिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल गोपलकृष्ण गांधी, प्रख्यात विचारक केएन गोविंदाचार्य व राष्ट्रीय संयोजक बसवराज पाटिल द्वारा दिया गया। आइएफएस सिद्धार्थ त्रिपाठी व पंचायत के मुखिया रमेश बेदिया द्वारा बताया गया कि आरा-केरम गांव का नाम राष्ट्रीय फलक पर आने के बाद तीन माह पूर्व ही दिल्ली से एक टीम गांव देखने पहुंची थी। सीमा देवी की प्रयास व गांव के प्रति समर्पण से सुदूरवर्ती गांव व ग्रामीणों में आए बदलाव का कहानी सुन व देखकर टीम काफी प्रभावित हुआ। जिसके बाद सीमा देवी को यह सम्मान के लिए चयन किया गया था। गांव की मेठ सीमा देवी को यह सम्मान मिलने से ग्रामप्रधान गोपाल बेदिया सहित पूरा गांव लोग काफी हर्षित हैं। वहीं क्षेत्र के ग्रामीण भी उनकी काफी प्रशंसा कर रहे हैं।

### सीमा देवी को क्यों मिला सम्म्मान



दिल्ली में पुरस्कार व सम्मान प्राप्त करतीं सीमा देवी।

बताया गया कि सीमा देवी एक ऊजार्वान, समर्पित और निरंतर सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता हैं। समग्र ग्राम विकास, प्रकृति संरक्षण संवर्धन व सामाजिक परिवर्तन गतिविधियों में निरंतर सक्रिय रहते हुए उसने आरा-केरम गांव के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाहन की हैं। सीमा देवी ने सिर्फ गांव वालों को एक साथ बैठना ही नही, गांव के महिलाओं को ग्रामसभा में नियमित उपस्थित होने व अपनी बात रखना भी सिखाया है। कुशल नेतृत्व प्रदान कर गांव की महिलाओं के उत्थान व सशक्तिकरण के लिए भी उल्लेखनीय कार्य की हैं। इतना ही नहीं, गांव को स्वच्छ रखने के लिए लोटाबंदी जैसी मुहिम चलाकर आरा-केरम को खुले में शौचमुक्त गाव बनाया है। नशामुक्ति अभियान में भी सीमा देवी का सराहनीय प्रयास रहा है। घर-घर जाकर उसने महिलाओं व ग्रामीण को नशे से हो रही हानियों के बारे में समझाकर गांव के लोगों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित की। वहीं सीमा देवी के अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि आज गांव के तालाबों में पानी लबालब भरा हुआ है। उसने गांव के लोगों के साथ मिलकर गांव के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने को बढ़ावा दिया। आज गांव के कार्यक्रम में कई बच्चों को अंग्रेजी में संबोधन करते देखा जा सकता है।

